कॉरपोरेट अभिशासन

अभिशासन कोड के प्रति बैंक का दृष्टिकोण

भारतीय स्टेट बैंक, कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का अक्षरशः अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक मानता है कि उपयुक्त कॉरपोरेट अभिशासन विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन तक ही सीमित नहीं है। उपयुक्त अभिशासन से व्यवसाय के प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण में सुविधा होती है जिससे बैंक व्यावसायिक नैतिकता का उच्च स्तर बनाए रख सकता है और अपने हितधारकों को इष्टतम परिणाम दे सकता है। संक्षेप में इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- शेयरधारकों की पूंजी सुरक्षित रखना और उसमें वृद्धि करना।
- अन्य सभी हितधारकों, जैसे ग्राहक, कर्मचारी तथा समग्र समाज के हितों की रक्षा करना।
- संप्रेषण में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना तथा सभी संबंधित पक्षों को पूरी, सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराना।
- ग्राहक सेवा तथा निष्पादन संबंधी उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना तथा सभी स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण कॉरपोरेट नेतृत्व प्रदान करना, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हो।

बैंक निम्नलिखित के लिए प्रतिबद्ध है:

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक का निदेशक बोर्ड नियमित बैठकें करें, व्यवसाय तथा संचालन में प्रभावी नेतृत्व तथा अंतर्दृष्टि प्रदान करे तथा बैंक के निष्पादन की निगरानी करें।
- कार्यनीतिक नियंत्रण की रूपरेखा तय करने तथा इसकी प्रभावोत्पादकता की निरंतर समीक्षा करने के लिए।
- नीति विकास, कार्यान्वयन एवं समीक्षा, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण और रिपोर्टिंग के लिए स्पष्टतः प्रलेखित पारदर्शी-प्रबंधन-प्रक्रिया स्थापित करने के लिए।
- बोर्ड को यथावश्यक सभी प्रासंगिक सूचनाएँ, सलाह और संसाधन उपलब्ध कराना ताकि वह अपनी भूमिका का निर्वाह प्रभावी ढंग से कर सके।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यकारी प्रबंधन के सभी पहलुओं के प्रति अध्यक्ष उत्तरदायी हों तथा बैंक के निष्पादन और बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन के लिए बोर्ड के प्रति जवाबदेह हों। अध्यक्ष तथा निदेशक बोर्ड की भूमिका भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा इसमें किए गए सभी संबंधित संशोधनों से भी निर्देशित होती है।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों तथा बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रयोज्य संविधियों, विनियमों और अन्य कार्यविधियों, नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने और यदि कोई विचलन हों, तो उनकी सूचना बोर्ड को देने के लिए किसी वरिष्ठ कार्यपालक को बोर्ड के प्रति उत्तरदायी बनाया जाए।

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के अनुसार बैंक ने कॉरपोरेट अभिशासन के प्रावधानों का अनुपालन किया है। केवल वे मामले ही अपवाद हैं जहाँ इन विनियमों के प्रावधान भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुरूप नहीं हैं। कॉरपोरेट अभिशासन के इन प्रावधानों के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट नीचे प्रस्तुत की गई है:-

केंद्रीय बोर्ड: भूमिका एवं संरचना

भारतीय स्टेट बैंक का गठन वर्ष 1955 में संसद द्वारा पारित एक अधिनियम से (भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955) किया गया। केंद्रीय निदेशक बोर्ड का गठन इस अधिनियम के अनुसार किया गया।

बैंक का केंद्रीय बोर्ड, अपनी शक्तियाँ भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं विनियम 1955 के प्रावधानों से प्राप्त करता है और अपने कार्य में इन्ही का अनुपालन करता है। इसकी प्रमुख भूमिका में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नांकित शामिल हैं ;

- बैंक के जोखिम प्रोफाइल पर नजर रखना;
- बैंक के व्यवसाय और नियंत्रण प्रणाली की संपूर्ण निगरानी करना;
- विशेषज्ञ प्रबंधन सुनिश्चित करना, और
- बैंक के हितधारकों के लाभ में अधिकतम वृद्धि करना।

केंद्रीय बोर्ड की अध्यक्षता भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (क) के अंतर्गत नियुक्त बैंक के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (ख) के अंतर्गत चार प्रबंध निदेशक भी इस बोर्ड के सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक पूर्णकालिक निदेशक हैं। दिनांक 31 मार्च 2018 को बोर्ड में आठ अन्य निदेशक थे, जो प्रौद्योगिकी, लेखा-शास्त्र, वित्त, अर्थशास्त्र तथा अकादमिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं। दिनांक 31 मार्च 2018 को केंद्रीय बोर्ड की संरचना निम्नानुसार रही :

- धारा 19(क) के अंतर्गत आरबीआई के परामर्श से केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष।
- धारा 19(ख) के अंतर्गत आरबीआई के परामर्श से केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त तीन प्रबंध निदेशक।
- धारा 19(ग) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित तीन निदेशक,
- धारा 19 (घ) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित तीन निदेशक,
- धारा 19 (ङ) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित एक निदेशक (भारत सरकार का अधिकारी), और
- धारा 19 (च) के अंतर्गत आरबीआई की संस्तुति पर केंद्र सरकार द्वारा नामित एक निदेशक (भारतीय रिज़र्व बैंक का अधिकारी)।

निदेशक बोर्ड का गठन सेबी (सूचीबद्धता बाध्यता एवं प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के विनियम 17(1) के प्रावधानों के अनुरूप है। निदेशकों के बीच आपस में कोई संबंध नहीं है।

प्रत्येक गैर-कार्यपालक निदेशक का संक्षिप्त परिचय अनुलग्नक-I में दिया गया है। विभिन्न बोर्डों/ समितियों में सभी निदेशकों द्वारा धारित निदेशक पदों/सदस्यताओं का विवरण अनुलग्नक-II में और बैंक में उनकी शेयरधारिता का विवरण अनुलग्नक-III में दिया गया है।

केंद्रीय बोर्ड की बैठकें

बैंक के केंद्रीय बोर्ड को वर्ष में कम से कम छह बैठकें करनी होती हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की तेरह बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों की तारीखें और निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठकों की तारीखें और उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 13

बैठकों की तारीखें : 26.04.2017, 19.05.2017, 27.06.2017, 26.07.2017, 11.08.2017, 27.09. 2017, 25.10. 2017,10.11.2017, 27.12. 2017, 31.01.2018, 09.02.2018, 28.02.2018 तथा 21.03.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/ चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, अध्यक्ष (06.10.2017 तक)	06	06
श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष (07.10.2017 से)	07	07
श्री रजनीश कुमार, एमडी (एनबीजी) (06.10.2017 तक)	06	06
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सी एंड जीबी	13	13
श्री पी. के. गुप्ता, एमडी - आर एंड डीबी	13	13
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी - आर, आईटी एंड एस	13	12
श्री संजीव मल्होत्रा	13	10
श्री एम. डी. माल्या (25.06.2017 तक)	02	02
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन (25.06.2017 तक)	02	02
श्री भास्कर प्रमाणिक (26.06.2017 से)	11	10
श्री बसंत सेठ (26.06.2017 तक)	11	10
श्री प्रवीण कुटुंबे (26.06.2017 से 08.03.2018 तक)	10	07
डॉ. गिरीश के. अहूजा	13	07
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	13	12
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (01.02.2018 से)	03	03
श्रीमती अंजुलि चिब दुग्गल (31.08.2017 तक)	05	01
श्री राजीव कुमार (12.09.2017 से)	08	00
श्री चन्दन सिन्हा	13	07

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति (ईसीसीबी) का गठन भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 30 के अनुसार किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम (46 एवं 47) में प्रावधान है कि केंद्रीय बोर्ड के सामान्य अथवा विशेष निदेशों के अधीन केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति केंद्रीय बोर्ड के कार्यक्षेत्र में आने वाले किसी भी मामले को डील कर सकती है। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (च) के अंतर्गत नामित निदेशक (भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) और भारत में जिस स्थान पर बैठक आयोजित की जा रही हो, उस स्थान पर सामान्य रूप से निवास कर रहे अथवा उस समय वहाँ उपस्थित सभी या कोई अन्य निदेशक शामिल होते हैं। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक सप्ताह में आयोजित की जाती है। वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार रही।

वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 52

क्र. सं.	निदेशक	नामांकन/ चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
1	श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, अध्यक्ष (06.10.2017 तक)	27	24
2.	श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष (07.10.2017 से)	25	24
3.	श्री रजनीश कुमार, एमडी (एनबीजी)(06.10.2017 तक)	27	23
4.	श्री बी. श्रीराम, एमडी - सी एंड जी बी	52	43
5.	श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - आर एंड डीबी	52	45
6.	श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी - आर,आईटी एंड एस	52	51
7	श्री संजीव मल्होत्रा	52	38
8	श्री एम. डी. माल्या (25.06.2017 तक)	12	08
9	श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन (25.06.2017 तक)	12	09
10	श्री प्रवीण कुटुंबे (26.06.2017 से 08.03.2018 तक)	49	24
11	श्री चंदन सिन्हा	52	30
जिस स्थान पर बैठकें हुई सामान्यतः उस स्थान के निवासी न होने वाले निदेशकगण जो बैठक के दिन बैठक के स्थान पर उपस्थित थे/ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया :			
12	श्री भास्कर प्रमाणिक (26.06.2017 से)	32	32
13	श्री बसंत सेठ (25.06.2017 से)	26	26
14	डॉ. गिरीश के. अहूजा	01	01
15	डॉ. पुष्पेन्द्र राय	28	28
16	डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (01.02.2018 से)	01	01

बोर्ड स्तरीय अन्य समितियाँ:

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम और सामान्य विनियम, 1955 के प्रावधानों तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक/सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार केंद्रीय बोर्ड ने बोर्ड स्तरीय अन्य ग्यारह समितियाँ गठित की हैं। ये हैं:- बैंक की लेखा-परीक्षा समिति, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, हितधारक संबंध समिति, बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति, बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति, प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, बोर्ड की पारिश्रमिक समिति, वसूली निगरानी के लिए बोर्ड की समिति और इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले ऋणियों का पता लगाने के कार्य की समीक्षा करने के लिए समिति, बोर्ड की नामांकन समिति। ये समितियाँ लेखा-परीक्षा और लेखा, जोखिम प्रबंधन, शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण, धोखाधड़ी की समीक्षा और नियंत्रण, ग्राहक सेवा की समीक्षा एवं ग्राहकों की शिकायतों का निवारण, प्रौद्योगिकी प्रबंधन, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व, कार्यपालक निदेशकों को मानदेय का भुगतान, ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली की निगरानी, इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले ऋणियों की पहचान की समीक्षा तथा निदेशक के रूप में चुनाव के लिए नामांकन करने भरने वाले अभ्यर्थी की 'ठीक व उपयुक्त' स्थिति के निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बोर्ड द्वारा निगरानी में कारगर पेशेवराना सहयोग प्रदान करती हैं। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आधार पर पूर्णकालिक निदेशकों को मानदेय के भुगतान पर अनुमोदन करने के लिए पारिश्रमिक समिति की बैठक वर्ष में एक बार आयोजित होती है। अन्य समितियों की बैठकें केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित समीक्षा कैलेन्डर के अनुसार समय-समय पर, सामान्यतः तिमाही अंतराल पर नीतिगत मामलों और/या क्षेत्र-विशेष के निष्पादन की समीक्षा के लिए आयोजित की जाती हैं। ये समितियाँ बैंक के शीर्ष कार्यपालकों की सेवाओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार बाहरी विशेषज्ञों की सेवाएं भी लेती हैं। नामांकन समिति का गठन निदेशक के रूप में शेयरधारकों द्वारा चुनाव के लिए नामांकन भरने वाले अभ्यर्थी की समुचित सावधानी व 'ठीक व उपयुक्त' स्थिति के निर्धारण तथा जब भी आवश्यक हो बैठक करने के लिए किया गया है। इन समितियों की बैठकों में हुई चर्चा के कार्य-विवरण और कार्यवाही की संक्षिप्त रिपोर्ट केंद्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति (एसीबी) का गठन 27 जुलाई 1994 को किया गया था और पिछली बार इसका पुनर्गठन 21 मार्च 2018 को किया गया। बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करती है और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के प्रावधानों का अनुपालन उस सीमा तक करती है जहाँ तक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/विनिर्देशों का उल्लंघन न हो।

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति के कार्य

(क) बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति बैंक के समस्त लेखा-परीक्षा कार्य के परिचालन हेतु दिशानिर्देश देती है तथा उन पर नजर भी रखती है। समस्त लेखा-परीक्षा कार्य से आशय बैंक के भीतर आंतरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण की व्यवस्था, परिचालन और गुणवत्ता नियंत्रण तथा बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई से है। यह समिति बैंक के सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति और समय-समय पर उनके निष्पादन की समीक्षा भी करती है।

(ख) बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति बैंक की वित्तीय, जोखिम प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा लेखा-परीक्षा नीति और लेखांकन नीतियों/प्रणालियों की समीक्षा करती है ताकि अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

(ग) यह समिति बैंक में आंतरिक निरीक्षण/लेखा-परीक्षा कार्यप्रणाली, उसकी गुणवत्ता एवं अनुवर्तन (फॉलोअप) की दृष्टि से प्रभावकारिता की समीक्षा करती है। यह समिति निम्नलिखित के अनुवर्तन पर भी विशेष ध्यान देती है:

- अपने ग्राहक को जानिए - धन-शोधन निवारण (केवाईसी-एएमएल) दिशानिर्देश;
- हाउसकीपिंग के प्रमुख क्षेत्र;
- सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 अनुपालन;

(घ) यह बैंक के अनुपालन विभाग से रिपोर्टें प्राप्त करती है तथा उनकी समीक्षा करती है।

(ङ) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक की वार्षिक वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट और लॉग फार्म लेखा-परीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए सभी विषयों पर बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति अनुवर्ती कार्रवाई करती है। वार्षिक/तिमाही वित्तीय खातों एवं रिपोर्टों को अंतिम रूप देने से पूर्व यह समिति बाह्य लेखा परीक्षकों से विचार-विमर्श करती है। केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित औपचारिक 'ऑडिट चार्टर अथवा 'विचारार्थ विषय' निर्धारित किया गया है जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। पिछली बार 18 दिसंबर 2014 को इसमें संशोधन किया गया था।

संरचना एवं वर्ष 2017-18 के दौरान उपस्थिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में 31.03.2018 को सात सदस्य थे, जिनमें से दो पूर्णकालिक निदेशक, दो सरकारी निदेशक (भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) तथा तीन गैर-सरकारी, गैर-कार्यपालक निदेशक हैं। बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक (चार्टर्ड अकाउंटेंट) द्वारा की जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार इसके संगठन तथा कोरम संबंधी अपेक्षाओं का सख्ती से अनुपालन किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित आंतरिक नियंत्रण, प्रणालियों एवं कार्यविधियों तथा अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा के लिए वर्ष के दौरान बोर्ड का लेखा परीक्षा समिति की तेरह बैठकें आयोजित की गईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति की बैठकों की तारीखें और उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 13

बैठकों की तिथियाँ : 20.04.2017, 25.04.2017, 18.05.2017, 14.06.2017, 26.07.2017, 10.08.2017, 14.09.2017, 18.10.2017, 09.11.2017, 12.12.2017, 03.01.2018, 09.02.2018 और 14.03.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
डॉ. गिरीश के. अहूजा, समिति के अध्यक्ष	13	12
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सी एंड जी बी	13	11
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - आर एंड डीबी (06.10.2017 तक)	07	07
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी आर,आईटी एंड एस (07.10.2017 से)	06	06
श्री एम. डी. मल्या, (25.06.2017 तक)	04	02
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन (25.06.2017 तक)	04	04
श्री भास्कर प्रमाणिक (26.06.2017 से)	09	08
श्री बसंत सेठ (26.06.2017 से)	09	08
श्री प्रवीण कुटुंबे (26.06.2017 से 08.03.2018 तक)	08	04
श्रीमती अंजुलि चिब दुग्गल (31.08.2017 तक)	06	00
श्री राजीव कुमार (12.09.2017 से)	07	00
श्री चंदन सिन्हा	13	09

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) का गठन 23 मार्च 2004 को किया गया था। इस समिति का गठन ऋण जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम से संबंधित समन्वित जोखिम प्रबंधन के लिए नीति और कार्यनीति की निगरानी के लिए किया गया। यह समिति पिछली बार 21 मार्च 2018 को पुनर्गठित की गई थी। इसमें छह सदस्य हैं। गैर-कार्यपालक निदेशक समिति के अध्यक्ष हैं। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की वर्ष में कम से कम चार, प्रत्येक तिमाही में एक बैठक होती है। वर्ष 2017-18 के दौरान इसकी चार बैठकें आयोजित की गईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तारीखें : 21.06.2017, 18.09.2017, 20.12.2017 और 31.03.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री संजीव मल्होत्रा, समिति के अध्यक्ष (21.03.2018 से)	01	01
श्री संजीव मल्होत्रा, सदस्य (20.03.2018 तक)	03	02
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सीएंडजीबी अध्यक्ष (20.03.2018 तक)	03	02
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सीएंडजीबी सदस्य (21.03.2018 से)	01	01
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - आरएंडडीबी (06.10.2017 तक)	02	02
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस (07.10.2017 से)	02	02
श्री एम. डी. माल्या (25.06.2017 तक)	01	00
श्री दीपक आई अमीन (25.06.2017 तक)	01	01
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	04
श्री भास्कर प्रमाणिक (26.06.2017 से)	03	02
श्री बसंत सेठ (26.06.2017 से)	03	03
श्री प्रवीण कुटुंबे (26.06.2017 से 08.03.2018 तक)	02	02

हितधारक संबंध समिति

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के विनियम 20 के अनुसरण में शेयरधारकों एवं निवेशकों से शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट न मिलने, बॉन्डों पर ब्याज/घोषित लाभांश न मिलने जैसी शिकायतों के निवारण हेतु हितधारक संबंध समिति (जो पहले बोर्ड की शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति (एसआईजीसीबी) के नाम से जानी जाती थी) का गठन 30 जनवरी 2001 को किया गया था। यह समिति पिछली बार 21 मार्च 2018 को पुनर्गठित की गई तथा इसमें छः सदस्य हैं। इसकी अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2017-18 के दौरान समिति ने चार बैठकें की तथा शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की।

वर्ष 2017-18 के दौरान हितधारक संबंध समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तारीख : 13.04.2017, 10.07.2017, 11.10.2017 और 17.01.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री एम. डी. माल्या - समिति के अध्यक्ष (25.06.2017)	01	01
श्री प्रवीण कुटुंबे, समिति के अध्यक्ष (26.06.2017 से 20.03.2018 तक)	03	03
डॉ. पुष्पेन्द्र राय, समिति के अध्यक्ष (21.03.2018 से)	00	00
डॉ. पुष्पेन्द्र राय, सदस्य (20.03.2018 तक)	04	04
श्री रजनीश कुमार एमडी-एनबीजी (06.10.2017 तक)	02	02
श्री पी.के. गुप्ता एमडी-आर एंड डीबी (07.10.2017 से)	02	02
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी - आर,आईटी एंड एस	04	04
श्री संजीव मल्होत्रा	04	03
श्री दीपक आई अमीन (25.06.2017 तक)	01	01
डॉ. गिरीश के. अहूजा	04	01
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (21.03.2018 से)	00	00

शेयरधारकों से अब तक प्राप्त शिकायतों की संख्या (वर्ष के दौरान) : 603
शेयरधारकों की संतुष्टि के अनुरूप समाधान न हुई शिकायतों की संख्या : निरंक
लंबित शिकायतों की संख्या (न्यायालय के विचाराधीन शिकायतें) : निरंक
अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम : श्री संजय अभयंकर, उपाध्यक्ष अनुपालन (कंपनी सचिव) :

बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति:

बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए विशेष समिति (एससीबीएमएफ) का गठन 29 मार्च 2004 को किया गया था। इस समिति का प्रमुख कार्य बड़ी राशि के धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी एवं समीक्षा करना है। समीक्षा का प्रयोजन है - प्रणालीगत खामियों (यदि हों तो) तथा धोखाधड़ी के मामलों और ऐसे मामलों की सूचना में देरी के कारणों का पता लगाना, सीबीआई/पुलिस जाँच कार्रवाई पर निगरानी रखना तथा स्टाफ की जिम्मेदारी शीघ्र तय करते हुए धोखाधड़ी की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की प्रभावशाली ढंग से समीक्षा करते हुए उपयुक्त निवारक उपाय शुरू कराना। इस समिति को पिछली बार 21 मार्च 2018 को पुनर्गठित किया गया था। इसमें आठ सदस्य हैं। समिति की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक करते हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए गठित विशेष समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तारीख : 30.05.2017, 18.08.2017, 16.11.2017 और 28.02.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	* बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी, समिति के अध्यक्ष (06.10.2017 तक)	02	02
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी -आर एंड डी बी, समिति के अध्यक्ष (07.10.2017 से 20.03.2018 तक)	02	02
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी -आर एंड डी बी, सदस्य (06.10.2017 तक)	02	01
श्री बसंत सेठ समिति के अध्यक्ष (21.03.2018 से)	00	00
श्री बसंत सेठ, सदस्य (27.06.2017 से 20.03.2018 तक)	03	03
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस (25.10.2017 तक)	02	01
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस (वैकल्पिक सदस्य)	01	01
श्री बी. श्रीराम एमडी-सी एंड जीबी (वैकल्पिक सदस्य)	01	01
श्री संजीव मल्होत्रा	04	04
श्री एम.डी. माल्या (25.06.2017 तक)	01	00
श्री दीपक आई अमीन (25.06.2017 तक)	01	00
श्री भास्कर प्रमाणिक (27.06.2017 से)	03	03
श्री प्रवीण कुटुंबे (27.06.2017 से 08.03.2018 तक)	03	01
डॉ. गिरीश के. अहूजा	04	04
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	03

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) का गठन 26 अगस्त 2004 को किया गया था। इसका उद्देश्य बैंक द्वारा प्रदत्त ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना है। इस समिति का पिछला पुनर्गठन 21 मार्च 2018 को किया गया। इसमें आठ सदस्य हैं तथा अध्यक्षता गैर-कार्यपालक सदस्य द्वारा की जाती। वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति की बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तिथियाँ : 11.05.2017, 03.08.2017, 01.11.2017 और 14.02.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सी एंड जीबी, समिति के अध्यक्ष (20.03.2018 तक)	04	04
डॉ. पुष्पेन्द्र राय, समिति के अध्यक्ष (21.03.2018 से)	00	00
श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी (06.10.2017 तक)	02	02
श्री पी. के. गुप्ता, एमडी- आर एन डीबी (25.10.2017 से)	02	01
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस (वैकल्पिक सदस्य)	01	01
श्री संजीव मल्होत्रा	04	03
श्री एम.डी. माल्या (25.06.2017 तक)	01	00
श्री दीपक आई अमीन (25.06.2017 तक)	01	01
श्री भास्कर प्रमाणिक (27.06.2017 से)	03	02
श्री बसंत सेठ (27.06.2017 से)	03	03
श्री गिरीश के. अहूजा (27.06.2017 से)	03	02
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	04
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (22.03.2018 से)	00	00

बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति

बैंक की सूचना-प्रौद्योगिकी पहलों की प्रगति की निगरानी के लिए बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया था। दिनांक 24 अक्तूबर 2011 से समिति का नाम बदलकर बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति कर दिया गया है। बैंक के प्रौद्योगिकीय विकास में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समिति को निम्नलिखित भूमिकाएं और उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं :

1) सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति और नीति विषयक प्रलेख अनुमोदित करना। यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी कार्यनीतिक योजना प्रक्रिया अपनाई है;

2) यह सुनिश्चित करना कि सूचना प्रौद्योगिकी संगठनात्मक योजना व्यवसाय के मॉडल और उसकी दिशा की पूरक है;

3) यह सुनिश्चित करना कि प्रौद्योगिकी निवेश के जोखिमों और लाभों के बीच संतुलन है और बजट स्वीकार्य हैं;

4) सूचना प्रौद्योगिकी जोखिमों की प्रबंधन द्वारा की जाने वाली निगरानी की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना तथा बैंक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी हेतु प्रदान की जाने वाली कुल राशि की निगरानी करना; और

5) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाली प्रगति और व्यवसाय संवर्धन में सूचना प्रौद्योगिकी के योगदान (अर्थात वचनबद्धता के अनुसार प्रदर्शन) की समीक्षा करना।

यह समिति पिछली बार 21 मार्च 2018 को पुनर्गठित की गई थी। इसमें छह सदस्य हैं। समिति की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की छः बैठकें हुईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति की बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 6

बैठकों की तिथियाँ : 03.05.2017, 24.08.2017, 04.10.2017, 22.11.2017, 22.02.2018 और 22.03.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री दीपक आई अमीन, समिति के अध्यक्ष (25.06.2017 तक)	01	01
श्री भास्कर प्रमाणिक समिति के अध्यक्ष (27.06.2017 से)	05	05
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सी एंड जीबी	06	04
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - आर एंड डीबी (24.10.2017 तक)	03	01
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - आर एंड डीबी, वैकल्पिक सदस्य	01	01
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस (25.10.2017 से)	03	03
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी- आर,आईटी एंड एस, वैकल्पिक सदस्य	01	01
श्री संजीव मल्होत्रा	06	01
श्री एम.डी. माल्या (25.06.2017 तक)	01	00
श्री प्रवीण कुटुंबे (27.06.2017 से 08.03.2018 तक)	04	03
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	06	05
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (21.03.2018 से)	00	00

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अंतर्गत बैंक द्वारा शुरू किए गए कार्यकलापों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 24 सितंबर 2014 को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया था। समिति पिछली बार 21 मार्च 2018 को पुनर्गठित की गई। इसमें सात सदस्य हैं। समिति में शामिल वरिष्ठ प्रबंध निदेशक इसकी अध्यक्षता करते हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2017-18 के दौरान बोर्ड की सीएसआरसी बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तिथियाँ : 13.04.2017, 26.07.2017, 11.10.2017 और 17.01.2018

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी समिति के अध्यक्ष (06.10.2017 तक)	02	02
श्री पी. के. गुप्ता एमडी- आर एंड डीबी समिति के अध्यक्ष (06.10.2017 से)	01	01
श्री पी. के. गुप्ता एमडी- आर एंड डीबी वैकल्पिक सदस्य	01	01
श्री दिनेश कुमार खारा, एमडी - आर, आईटी, एंडएस	04	04
श्री संजीव मल्होत्रा	04	04
श्री एम.डी. माल्या (25.06.2017 तक)	01	00
श्री दीपक आई अमीन (25.06.2017 तक)	01	01
श्री भास्कर प्रमाणिक (27.06.2017 से)	03	03
श्री बसंत सेठ (27.06.2017 से)	03	02
श्री प्रवीण कुटुंबे (27.06.2017 से 08.03.2018 तक)	03	03
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	03
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता (21.03.2018 से)	00	00

बोर्ड की पारिश्रमिक समिति

भारत सरकार द्वारा मार्च 2007 में सूचित योजना के अनुसार प्रोत्साहन राशि के भुगतान के संबंध में बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यों का मूल्यांकन करने हेतु 22 मार्च 2007 को पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया था। इस समिति का पुनर्गठन पिछली बार 21 मार्च 2018 को किया गया था। इस समिति में चार सदस्य हैं जिनमें (i) सरकार द्वारा नामित निदेशक (ii) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक (iii) दो गैर कार्यपालक निदेशक - श्री बसंत सेठ और डॉ. गिरीश के. अहूजा शामिल हैं। यह समिति पूर्णकालिक निदेशकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की संवीक्षा कर उसका भुगतान करने की संस्तुति करती है।

बोर्ड की वसूली निगरानी समिति

भारत सरकार की सलाह पर 20 दिसंबर 2012 को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की बैठक में ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली पर नजर रखने के लिए बोर्ड की ऋण निगरानी समिति गठित की गई थी। समिति पिछली बार 31 मार्च 2018 को पुनर्गठित की गई थी। समिति में छह सदस्य हैं जिनमें अध्यक्ष, चार प्रबंध निदेशक और सरकार के नामिती निदेशक शामिल हैं। वर्ष के दौरान इस समिति की पाँच बैठकें हुईं जिनमें एनपीए प्रबंधन और बैंक के बड़ी राशि के एनपीए खातों की समीक्षा की गई।

इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले ऋणियों की पहचान के लिए समीक्षा समिति

इस समिति का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार केंद्रीय बोर्ड द्वारा किया गया था। प्रबंध निदेशक-सी एंड जीबी इस समिति के अध्यक्ष होते हैं और कोई दो अन्य स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य होते हैं।

इस समिति की भूमिका इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले ऋणियों का पता लगाने के कार्य की समीक्षा करने के लिए गठित समिति (ऐसी समिति जिसमें उप प्रबंध निदेशक और बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं जो इरादतन चूककर्ता/सहयोग न करने वाले ऋणी के बयान की पड़ताल और बयान को दर्ज करती है) के आदेश की समीक्षा करके आदेश को अंतिम समझे जाने के बारे में पुष्टि करती है।

इस समिति की बैठक वर्ष 2017-18 के दौरान चार बार हुई।

बोर्ड की नामांकन समिति:

शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशक के चुनाव हेतु नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों की 'उपयुक्त एवं उचित स्थिति का निर्णय करने के लिए आवश्यक एवं उपयुक्त कार्रवाई करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक, जब भी आवश्यक हो, तीन स्वतंत्र निदेशकों की नामांकन समिति गठित करता है।

समिति का पिछला पुनर्गठन 25.04.2018 को किया गया।

स्थानीय बोर्ड

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं सामान्य विनियम 1955 के प्रावधानों के अनुसार जहाँ बैंक का स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ) स्थित हो ऐसे प्रत्येक केंद्र में स्थानीय बोर्ड/स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्य कर रही हैं। स्थानीय बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित कार्यों और विवेकाधिकारों का उपयोग करते हैं। दिनांक 31 मार्च 2018 को तीन स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड और शेष तेरह स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्यरत थीं। स्थानीय बोर्डों/स्थानीय बोर्डों की समितियों की बैठकों के कार्य-विवरण और कार्यवाही केंद्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

बैठक-शुल्क

पूर्णकालिक निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक एवं बोर्ड/बोर्ड की समितियों की बैठकों में सहभागिता करने हेतु गैर-कार्यपालक निदेशकों को भुगतान किया जाने वाला बैठक-शुल्क भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित राशि के अनुरूप है। गैर-कार्यपालक निदेशकों को बोर्ड और/या इसकी समिति की बैठकों में सहभागिता करने हेतु बैठक-शुल्क के अलावा कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। दिनांक 20 जुलाई 2015 से केंद्रीय बोर्ड की बैठक में सहभागिता के लिए 20,000 हजार रुपए का और बोर्ड स्तरीय अन्य समितियों की बैठकों में सहभागिता के लिए 10,000/- रुपए का बैठक-शुल्क दिया जाता है। वर्ष 2017-18 के दौरान भुगतान किए गए बैठक-शुल्क का विवरण अनुलग्नक-IV में दिया गया है।

बैंक की आचार संहिता का अनुपालन

बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय की घोषणा अनुलग्नक-V में दी गई है। आचार संहिता बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वर्ष के दौरान गतिविधियाँ

1. एसबीआई अधिनियम धारा 19(ग) के अंतर्गत चार शेयरधारक निदेशकों की नियुक्ति के लिए जून 2017 में निदेशकों का चुनाव सफलतापूर्वक पूरा किया। वर्ष के दौरान नव निर्वाचित निदेशकों के लिए 'ऑन-बोर्डिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्य बातों के अलावा इसमें संगठनात्मक संरचना, विभिन्न व्यावसायिक समूहों तथा बैंक के सहयोगियों व अनुषंगियों, आईटी विकास, आईटी सुरक्षा, मानव संसाधन तथा प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी शामिल थी।

2. बोर्ड के निष्पादन का मूल्यांकनः बोर्ड गवर्नेंस को निरंतर बेहतर बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एक प्रतिष्ठित बाह्य परामर्शदाता संगठन की सेवाएं ली है। इस संगठन ने निदेशकों, अध्यक्ष, बोर्ड स्तरीय समितियों और पूरे केंद्रीय बोर्ड के निष्पादन मानदंड निर्धारित करने में सहायता देने के साथ-साथ समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाने में भी सहायता की है। मूल्यांकन के पैरामीटर और समग्र प्रक्रिया सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 तथा नए सेबी बोर्ड मूल्यांकन दिशानिर्देश नोट 2017 के प्रावधानों के अनुरूप ही थी। केंद्रीय बोर्ड के गैर-कार्यपालक निदेशकों, अध्यक्ष और पूरे केंद्रीय बोर्ड के निष्पादन का मूल्यांकन केंद्रीय बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की 21 मार्च 2018 को अलग से आयोजित बैठक में किया गया। स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड स्तरीय समितियों के निष्पादन का मूल्यांकन केंद्रीय बोर्ड द्वारा भी किया गया।

   मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत बैंक के गवर्नेंस मूल्यों में निदेशक बोर्ड के विश्वास को दोहराया गया और निदेशक बोर्ड तथा अध्यक्ष, बोर्ड एवं मैनेजमेंट के बीच मौजूदा सहयोग में भी भरोसा व्यक्त किया गया।

3. बैंकों के बोर्डों से गवर्नेंस के बारे में उत्तरोत्तर की जा रही भिन्न भिन्न प्रकार की अपेक्षाओं और हमारे बैंक की अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका को देखते हुए, उद्योग की नवीनतम प्रवृति से कदम मिलकर चलते हुए आगे की राह निर्धारित करने के लिए बोर्ड सदस्यों तथा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए रणनीति नामक एक कार्यनीतिक कार्यशाला (7 जनवरी से 9 जनवरी 2018 तक) आयोजित की गई। इस कार्यशाला में एक प्रभावी संस्था बनाने के लिए मानव संसाधन चुनौतियों, एक सुदृढ़ कॉर्पोरेट आस्ति बही बनाने, आस्तियों पर प्रतिफल तथा लाभ पर केंद्रित रह कर तुलन पत्र आबंटन

को अधिकतम करने, आईटी सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग अनुरूप संवृद्धि के लिए कार्यनीति, अनुषंगियों द्वारा मूल्य सृजन, स्थायी संवृद्धि के केंद्र में ग्राहक सेवा संबंधित विभिन्न विषयों पर मस्तिष्क मंथन सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला के दौरान बोर्ड द्वारा कई कार्यनीतियों, व्यवसाय संवर्धन के लक्ष्यों एवं प्रमुख वित्तीय मानदंडों का निर्धारण किया गया। साथ ही, प्रत्येक व्यवसाय समूह को ऐसी कार्य योजनाएं लक्ष्य सहित तैयार करके कार्यशाला में आने के लिए कहा गया था जिनकी प्रगति की बाद में समीक्षा की जा सके। विस्तृत कार्य योजना कतिपय समय सीमाओं के साथ और जिम्मेदारी निर्वाह तथा विभिन्न महत्वपूर्ण शुरुआतों को लागू करने की स्थिति पर प्रगति रिपोर्ट केंद्रीय रिपोर्ट को प्रस्तुत की जाएगी।

4. निदेशकों को कॉरपोरेट गवर्नेंस, जोखिम प्रबंधन, जोखिम आधारित पर्यवेक्षण आदि के कार्य में बेहतर समझ विकसित करने के प्रयास में बैंक द्वारा वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें की गईं:

(i) चार गैर-कार्यपालक निदेशकों ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों के गैर-कार्यपालक निदेशकों के लिए 23 से 24 अक्तूबर 2017 के दौरान मुंबई में उन्नत वित्तीय शोध एवं ज्ञानार्जन केंद्र (कैफरल) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गैर-कार्यपालक निदेशकों में विनियामक विकासों, पूंजी आवश्यकताओं, जोखिम प्रबंधन, व्यावसायिक कार्यनीति गवर्नेंस मुद्दों इत्यादि बारे में जागरूकता तथा समझ विकसित करना था।

(ii) कॉर्पोरेट गवरनेंस प्रथाओं को सुदृढ़ करने के एक भाग के रूप में दिनांक 27.12.2017 को केंद्रीय बोर्ड की बैठक के दौरान सेबी के अध्यक्ष श्री अजय त्यागी से चर्चा आयोजित की गई।

(iii) जोखिम संस्कृति आकलन फ्रेमवर्क पर मै. अर्नेस्ट एंड यंग द्वारा केंद्रीय बोर्ड के समक्ष 31.01.2018 को एक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रस्तुति में बैंक में जोखिम संस्कृति आकलन के उद्देश्य व लाभ, जोखिम संस्कृति के चार पहलू इत्यादि विषयों को शामिल किया गया था।

(iv) ऋण शोधन अक्षम तथा दिवालियापन संहिता 2016 में हुए संशोधनों के संबंध में निदेशकों को नवीनतम जानकारी देने के लिए मै. शार्दूल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी द्वारा दिनांक 28.02.2018 को बोर्ड के सामने एक प्रस्तुति दी गई।

(v) डिजिटल अपराधशास्त्र पर एक विशेषज्ञ के माध्यम से निदेशक मंडल के लिए सूचना प्रोद्योगिकी संबंधी जागरूकता पर एक प्रस्तुतीकरण दिनांक 21.03.2018 केंद्रीय बोर्ड की बैठक में कराया गया।

वर्ष 2017-18 में अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों को वेतन एवं भत्तों का भुगतान

(राशि रुपए में)

नाम	मूल वेतन	महंगाई भत्ता	बकाया	अन्य	कुल
अध्यक्ष					
श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य (06.10.2017 तक)	1393548.39	76427.42	0.00	0.00	1469975.81
श्री रजनीश कुमार (07.10.2017 से)	1348625.81	73968.29	0.00	3000.00	1425594.10
प्रबंध निदेशकगण					
श्री बी. श्रीराम	2614800.00	137277.00	0.00	22000.00	2774077.00
श्री रजनीश कुमार (06.10.2017 तक)	1307400.00	65370.00	0.00	5000.00	1377770.00
श्री पी. के. गुप्ता	2464800.00	129402.00	0.00	14000.00	2608202.00
श्री दिनेश कुमार खारा	2464800.00	129402.00	0.00	2000.00	2596202.00

वार्षिक महासभा में उपस्थिति

दिनांक 27 जून 2017 को आयोजित वर्ष 2016-17 की वार्षिक महासभा में 8 निदेशक उपस्थित रहे। ये हैं श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, श्री बी. श्रीराम, श्री रजनीश कुमार, श्री पी. के. गुप्ता, श्री दिनेश कुमार खारा और डॉ. पुष्पेन्द्र राय, श्री बसंत सेठ और श्री प्रवीण कुटुंबे। वार्षिक महासभा (2015-16) 30 जून 2016 को और वार्षिक महासभा (2014-15) 2 जुलाई 2015 को आयोजित हुई थी।

प्रकटीकरण

1. बैंक ने अपने प्रवर्तकों, निदेशकों या प्रबंधन, उनकी अनुषंगियों या संबंधियों आदि से ऐसा कोई महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेनदेन नहीं किया है जिससे वृहत् रूप में बैंक के हितों से संघर्ष की संभावना हो।

2. बैंक ने स्टॉक एक्सचेंजों, सेबी, भारतीय रिज़र्व बैंक या पूंजी बाजारों से संबंधित किसी भी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन किया है। पिछले तीन वर्षों में इनके द्वारा बैंक पर कोई अर्थदंड या अवक्षेप नहीं लगाया गया है।

3. कर्मचारियों द्वारा सेवा-नियमों के विरुद्ध किए जा रहे किसी भी अनैतिक कार्य या व्यवहार की रिपोर्टिंग के लिए विसल ब्लोअर पॉलिसी तैयार की गई है और उसे "बैंक वेबसाइट" पर पर प्रदर्शित की गई है। विसल ब्लोअर के हितों की रक्षा / पहचान गुप्त रखने का प्रावधान किया गया है। यह नीति बैंक के सभी स्टाफ के लिए आंतरिक रिपोर्टिंग व्यवस्था के रूप में उपलब्ध है। वे चाहें तो बैंक में अपने सहकर्मियों, वरिष्ठों/वरीय के किसी अनैतिक, भ्रष्ट आचरण का पर्दाफाश करने के लिए विसल ब्लोअर की भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। पर, ग्राहकों द्वारा की जाने वाली पीआईडीपीआई शिकायत का निपटान भारत सरकार के वर्ष 2004 के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। इसके अनुसार केंद्रीय सतर्कता आयोग को इन शिकायतों के निपटान के संबंध में नामित किया गया है।

4. संबद्ध पक्ष लेनदेन के महत्व संबंधी नीति और महत्वपूर्ण अनुषंगी निर्धारण नीति बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर कॉरपोरेट अभिशासन नीतियाँ लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

5. बैंक ने विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (b) से (i) और अनुसूची V के पैरा सी, डी और ई में दी गई कारपोरेट गवर्नेंस की अपेक्षाओं का हर प्रकार से पालन उस सीमा तक किया है जहाँ तक इस खंड की आवश्यकताएँ भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों या निर्देशों के विरुद्ध न हों।

संप्रेषण के साधन

